## संक्षिप्त

### अवैध बजरी परिवहन का आरोपी पकड़ा

**टोंक।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा पुष्पेन्द्र सिंह के निर्देशन में वृताधिकारी मालपुरा आशीष प्रजापत एवं टोडारायसिंह थानाधिकारी अंकेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अवैध खनन व परिवहन व भण्डारण की रोकथाम हेतु दौराने गश्त टोडारायसिंह थाना क्षेत्र के ग्राम कुरास्या में स्थित बनास नदी में अवैध बजरी भरते हुए एक लोढर को जप्त किया जारि मौके से चालक जमना लाल पुत्र कजोड लाल मीणा उम्र 28 साल निवासी रुघुनाथपुरा गोकुलपुरा थाना हिण्डोली जिला बुन्दी को गिरफ्तार किया । इस दौरान चालक के विरूद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### दो सार्वजनिक अवकाश घोषित

**दौसा।** राजस्थान उच्च न्यायालय जोधुपर के निर्देशों की अनुपालना में जिला एवं सेशन न्यायाधीश दौसा ने वर्ष-2026 के लिए जिला न्यायालय दौसा एवं इस न्यायक्षेत्र के समस्त अधीनस्थ न्यायालयों में दो स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। जिला एवं सेशन न्यायाधीश केशव कौशिक ने 14 जनवरी बुधवार को मकर संक्रांति एवं 14 सितम्बर सोमवार को गणेश चतुर्थी का स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

### कोहरे ने बढ़ाई परेशानी

**फुलेरा।** कस्बे में सोमवार को कड़ाके की ठंड का असर पूरे दिन बना रहा। सुबह करीब 8 बजे तक घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। कोहरा छंटने के बाद भी ठंड में कोई खास राहत नहीं मिली और दिनभर हाड़ कंपा देने वाली सर्दी महसूस की गई। हालात ऐसे रहे कि सूर्य देव पूरे दिन दर्शन नहीं दे सके। ठंड से बचाव के लिए लोग सुबह से ही अलाव जलाकर तापते नजर आए। सर्दी का असर बाजारों पर भी साफ दिखाई दिया, जहां दिनभर सन्नाटा पसरा रहा और आम दिनों की तुलना में ग्राहकों की संख्या काफी कम रही। कड़ाके की ठंड का प्रभाव मूक पशुओं पर भी देखने को मिला। पशुपालक अपने पशुओं को ठंड से बचाने के लिए विशेष इंतजाम करते नजर आए।

### दिनेश कुमार सैनी सम्मानित

**राजगढ़।** ब्लॉक ब्लॉक शिक्षा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बडला के शिक्षक दिनेश कुमार सैनी को राष्ट्रीय क्रांतिकारी नवाचारी शिक्षक सम्मान से कोटा में सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कोटा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षक दिनेश कुमार सैनी का चयन अलवर जिले से किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में किये गए नवाचार के लिए इनका चयन किया गया । गतिविधि आधारित शिक्षण, खेल खेल में शिक्षा और मनोरंजन गतिविधि के द्वारा छोटे बच्चों को शिक्षण करवाया जाता है। जिससे बच्चें अच्छी तरह से सीखते है और रुचि लेकर अपना शिक्षण कार्य करते है । देश के 15 राज्यों के नवाचारी शिक्षकों को सम्मानित किया है । इस कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा सागर फाउंडेशन की तरफ से किया गया । जिसमे देशभर के शिक्षकों ने भाग लिया । शिक्षक दिनेश कुमार के द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के कार्य को राजस्थान मे सबसे पहले किया गया। शिक्षक दिनेश कुमार सैनी 2024 में राज्यपाल अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं ।

### भारतीय किसान संघ की बैठक संपन्न

**निवाई।** कृषि उपज मंडी में स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण जी के मंदिर में भारतीय किसान संघ की बैठक जिलाध्यक्ष रमेशचंद जाट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में तहसील की सभी ग्राम सेवा सहकारी समितियों को सक्रिय करने के लिए सभी जीएसएस अध्यक्षों को पत्र लिखने, जिन ग्राम सेवा सहकारी समितियों में गोदाम नहीं हैं उनमें गोदाम बनवाने हेतु उप रजिस्टार सहकारी समिति टोंक को पत्र लिखने सहित कई प्रस्ताव लिए गए। जिलाध्यक्ष रमेशचंद जाट ने बताया कि तहसील की सभी ठााम सेवा सहकारी समितियां उर्वरकों का विपणन करेंगी तो किसानों को अपने पंचायत क्षेत्र में ही अच्छे गुणवत्तापूर्ण एवं असली उर्वरक बिना कालाबाजारी के उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों किसानों को उर्वरको के लिए लाइनों में खड़ा रहना पड़ा। अगर ठााम सेवा सहकारी समितियों में उर्वरक उपलब्ध होते तो किसानों को ऐसी समस्याओं का सामना नहीं करना पडता।

### ख्वाजा साहब के चादर पेश

**सांभरझील।** हज़रत ख़्वाजा हुसामुद्दीन जिगर सोख़्ता रह. के सम्पन्न हुए 707 वें उर्स के अंतिम दिन फ़तेहपुर शेखावाटी की दरगाह से लाई गई चादर पेश की गई। हज़रत ख़्वाजा हाजी मुहम्मद नजमुद्दीन साहिब सुलैमानी चिश्ती अल्फ़ारूक़ी रह. की दरगाह के सज्जादानशीन व मुतवल्ली हुज़ूर नसीरे मिल्लत पीर ग़ुलाम नसीर साहिब नजमी सुलैमानी चिश्ती अल्फ़ारूक़ी ने दरगाह में चादर शरीफ़ और फूल चढा कर अमन चैन की दुआ मांगी ।

# किसानों की बैठक में ग्राम सेवा सहकारी समितियों को सक्रिय करने पर चर्चा

**टोंक।** किसान संघ निवाई की बैठक सोमवार को जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र की अध्यक्षता में कृषि उपज मंडी समिति निवाई में की गई, जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान निवाई तहसील की सभी ग्राम सेवा सहकारी समितियों को सक्रिय करने के लिए सभी जीएसएस अध्यक्षों को पत्र लिखने एवं जिन ग्राम सेवा सहकारी समितियों में गोदाम नहीं हैं उनमें गोदाम बनवाने हेतु उपरजिस्टार सहकारी समिति टोंक को पत्र लिखने का प्रस्ताव लिया। बैठक में बताया कि सहकारी समितियां उर्वरकों का विपणन करेंगी तो किसानों को अपने पंचायत क्षेत्र में ही अच्छे गुणवत्तापूर्ण एवं असली उर्वरक बिना कालाबाजारी के उपलब्ध हो सकेंगे, पिछले दिनों किसानों को उर्वरको के लिए लाइनों में खड़ा रहना पड़ा अगर ग्राम सेवा सहकारी समितियों में उर्वरक उपलब्ध होते तो किसानों को ऐसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता। इसके अलावा सचिव कृषि मंडी समिति निवाई से किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर मंडी में आने वाले सरसों के सीजन में किसानों के लिए ट्रैक्टर पार्किंग पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर मंडी सचिव ने बताया कि हमने किसानों के लिए ट्रैक्टर पार्किंग की समुचित व्यवस्था की है । इसके अलावा गेट पास किसान कलेवा एवं प्याऊ को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई, जिस पर कृषि मंडी सचिव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या मंडी में नहीं आने दी जाएगी।



किसान संघ निवाई की बैठक सोमवार को जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र की अध्यक्षता में हुई ।

- **जिन ग्राम सेवा सहकारी समितियों में गोदाम नहीं हैं उनमें गोदाम बनवाने हेतु उपरजिस्टार सहकारी समिति टोंक को पत्र लिखने का प्रस्ताव लिया**

### न्यायिक कार्य स्थगित रखा

**दौसा।** जिला अभिभाषक संघ दौसा के आव्हान पर रात्रिकालीन न्यायालय खोले जाने एवं प्रत्येक माह के 2 अवकाश कम किये जाने के विरोध में न्यायिक कार्य स्थगित रखा। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कुंजबिहारी शर्मा ने बताया कि पायलेट प्रोजेक्ट के तहत रात्रिकालीन न्यायालय खोले जाने एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के कलेण्डर से प्रत्येक माह के 2 शनिवार की छुटटी कम कर न्यायिक कार्य किये जाने के आदेश के विरोध में न्यायिक कार्य स्थगित रखा गया। उन्होने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर बैंच की कार्यकारिणी एवं राजस्थानं हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसियेशन जोधपुर, राजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसियेयशन जोधपुर की कार्यकारिणी के द्वारा न्यायिक कार्य में भाग लेने का जो निर्णय लिया है, की निरन्तरता में माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा प्रारम्भ किये जाने वाले पाईलेट प्रोजेक्ट के तहत रात्रिकालीन न्यायालय खोले जाने के विरोध में स्वेच्छिक रूप से न्यायिक कार्य से दूर रहें।

# सांभर में कोहरे से थमी जिंदगी की रफ्तार, 10 मीटर की दूरी देखना भी मुश्किल

**सांभरझील।** सांभर में गत दो रोग से भयंकर धूंध के कारण लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई है। कोहरे का आलम ऐसा की सुबह 7:30 बजे तक 10 मीटर की दूरी पर देखना भी दुर्लभ हो गया है। अत्यधिक ठंड पड़ने के कारण प्रतिष्ठान भी सुबह देर से खुलते हैं और शाम को जल्दी अपने घरों की ओर दुकानदार लौट जाते हैं। लेकिन इसमें एक बात खास यह है कि जितनी अधिक ठंड पडती है फिणी का व्यवसाय चौगुना होता है। चीनी बनाने वाले कारीगर रात को देर तक मैदा के लपेटे देकर उसे घी में चिपका कर रखते हैं और सुबह 4:00 बजे से ही तलना शुरू कर देते हैं। इनके अलावा सुबह गोला बाजार, नया बस स्टैंड, साल्ट फाटक, तेली दरवाजा रोड पर चाय की स्टलों पर अल सुबह लोगों को चाय की चिसकियां लेते देखा जा सकता है। घने कोहरे के कारण सांभर में जगह-जगह लोगों को अलाव जलाकर तपते हुए ठंड से बचने के लिए सहारा लेना पडा।

- **सुबह गोला बाजार, नया बस स्टैंड, साल्ट फाटक, तेली दरवाजा रोड पर चाय की स्टलों पर अल सुबह लोगों को चाय की चिसकियां लेते देखा जा सकता है**



सांभर में अलाव जलाकर तपते लोग।

# दौसा शहर की यातायात व्यवस्था नासूर बनी

**दौसा।** यातायात पुलिस प्रशासन की अनदेखी के चलते दौसा शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमा गई है, शहर के ह्दय स्थल गांधी तिराहा से श्री रामकरण जोशी राजकीय विद्यालय के तक हालात बद से बदतर होते जा रहे है। यातायात पुलिस प्रशासन द्वारा इस गंभीर समस्या का समाधान नही किया गया तो ये शहरवासियों के लिए नासूर बन जायेगी।

उल्लेखनीय है कि दौसा पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने दौसा शहर की यातायात व्यवस्था को नियंत्रण करने के लिए भारी भरकम यातयात पुलिसकर्मियो को तैनात कर रखा है, इसके बावजूद दौसा शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। गांधी तिराहे से श्री रामकरण जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा गांधी तिराहे से रेल्वे स्टेशन तथा गांधी तिराहे से स्टेट वेयर हाउस तक हालात बद से बदतर हो गये है।

इन मार्गो पर दर्जनों मॉल बने हुये है, जिनमे से अधिकांश में पार्किग की व्यवस्था तक नही है, साथ ही चार दर्जन से अधिक विभिन्न बैंक की संलाचित है, जहां प्रात: से देर सायं तक वाहनो का जमावडा लगा रहता है। अधिकांश दूकानदार एवं विभिन्न बैंको में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी अपने साथ वाहन लेकर आते है, जो प्रात: से देर रात तक मुख्य मार्गो पर खडे रहते है, जिसके चलते अधिकांश समय यातायात बाधित रहता है।

लोगों द्वारा अपने वाहनो को मुख्य मार्ग पर ही खडा कर देते है जिसके चलते मार्ग सकरा हो जाता है तथा वाहनों को आवाजाही में असुविधा का सामना करना पडता है।

इधर शहर के मुख्य मार्गो पर दर्जनो मॉल बने हुये है, नगर परिषद द्वारा निर्माण की अनुमति पार्किंग व्यवस्था रखे जाने की शर्त पर दी गई है, इसके बावजूद इन मॉलों में पार्किंग की व्यवस्था तक नही है, जिसके चलते नगर परिषद की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। एक मॉल में तकरीबन 4 से 5 दर्ज दूकाने बनी हुई है, इन दूकानो के मालिक अपना वाहन मुख्य मार्ग पर ही खडा करते है, जो यातायात के लिए नासूर बनते जा रहे है। वही दूसरी ओर शहर में कई लोहा व्यवसाईयो ने अपने लोहे के बंडल मुख्य मार्गो पर डाल रहे है, जिसके चलते मार्ग भी काफी सकरा हो गया है, जो दुर्धटना का सबब बने हुये है।

बिना पार्किंग बने मॉल पर कब होगी कार्यवाही : मुख्यालय पर बने हुये मॉल एवं व्यवसाय उपयोग के लिए बनी बडी बडी बिल्डिंगों में पार्किंग व्यवस्था तक नही है, नगर परिषद ने ऐसे मॉल संचालको को एनओसी भी जारी कर दी है, जिसके चलते नगर परिषद के आला अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग गया है।

इनता ही नही नगर परिषद की अनदेखी के चलते आवासीय कॉलोनियों में भी सैकडो मॉल बन गये है तथा वे धडल्ले से संचालित हो रहे है। पूनम सिनेमा के पीछे तो भगवान ही मालिक है, किसी मॉल में अप्रिय घटना होने पर अग्निशमन की गाडी पहुंचना नामुमकिन है। प्रशासन भी अप्रिय घटना होने का इंतजार कर रहा है।

- **शहर के ह्दय स्थल गांधी तिराहा से श्री रामकरण जोशी राजकीय विद्यालय के तक हालात बद से बदतर होते जा रहे है।**

# फुलेरा युवा पालिका ईओ के फैसले ठंडे बस्ते में


**फुलेरा।** फुलेरा शहर के विकास की गाड़ी जैसे ही रफ्तार पकड़ने को हुई, किसी ने अचानक उस पर ब्रेक लगा दिया। सवाल यह नहीं है कि विकास की योजना बनी या नहीं, सवाल यह है कि बनी हुई योजनाएं लागू क्यों नहीं हुईं। फुलेरा नगरपालिका के नवनियुक्त युवा अधिशाषी अधिकारी सुनील शर्मा ने पदभार संभालते ही शहर को अतिक्रमण मुक्त करने, यातायात सुधारने और सौंदर्यकरण की दिशा में स्पष्ट मंशा दिखाई। जिसको लेकर गणगौरी बाजार, गांधी चौक, हलवाई बाजार चौक और इंदिरा मार्केट जैसे अति व्यस्त इलाकों में फैले अव्यवस्थित ठेलों, हाट बाजार और नो पार्किंग की समस्या पर ठोस निर्णय लिए गए। हैरानी की बात यह है कि 80 फीट चौड़ी गणगौरी बाजार सड़क दिन में हाट बाजार बनकर महज 10 फीट की गली में तब्दील हो जाती है, लेकिन वर्षों से इस पर किसी की हिम्मत नहीं हुई कि व्यवस्था सुधार सके। युवा ईओ सुनिल शर्मा ने यह हिम्मत दिखाई और फुलेरा व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहुजा सहित अन्य पदाधिकारी व पुलिस प्रशासन के वृत्ताधिकारी अनुपम मिश्रा व फुलेरा थानाधिकारी राजेंद्र सिंह को बुलाया, सहमति बनाई और ठेला व्यवसायियों के पुनर्वास तक की योजना तय की। फुलेरा व्यापार महासंघ ने भी खुले मंच पर सहयोग का भरोसा दिया। गणगौरी बाजार को नॉन वेंडिंग जोन घोषित कर ठेलों को ज्योतिबा फुले सर्किल पर शिफ्ट करने, गांधी चौक में ठेलों को व्यवस्थित करने और इंदिरा मार्केट में सड़क पर ठेले पूरी तरह प्रतिबंधित करने का फैसला हुआ। हलवाई बाजार चौक पर लावारिस वाहनों पर पुलिस कार्रवाई तक की रणनीति तय हो गई। इतना ही नहीं, पुलिस प्रशासन को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस उप अधीक्षक सांभर और थानाधिकारी फुलेरा ने इन शहरहित के निर्णयों पर पूरा सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। यानी कागज, सहमति और प्रशासन-सब तैयार था।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि अधिशासी अधिकारी इतने ठोस निर्णय लेने के बाद भी उन्हें लागू नहीं कर पा रहे, तो क्या उन पर ऊपर से दबाव है या फिर सिस्टम में रहते हुए खुद के फैसलों को लागू करने का साहस ही जवाब दे गया। आज स्थिति यह है कि शहर वही का वही है-अतिक्रमण जस का तस, यातायात बदहाल और जनता रोज जाम से जूझ रही है। जबकि समाधान फाइलों में नहीं, बैठकों में तय हो चुका था।

# करोडी व पिलोडी को जिला परिषद के वार्ड 14 में यथावत रखने की मांग

**दौसा ।** जिला परिषद सदस्य मेघराज नांगरी ने सोमवार को जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार को ज्ञापन सौप कर जिला परिषद के वार्ड 17 से हटाई गई ग्राम पंचायतों को पुन: जोड़ने की मांग की है। जिला परिषद सदस्य मेघराज नांगरी ने बताया कि पूर्व में वार्ड नम्बर 17 में सम्मिलित ग्राम पंचायत करोडी और पिलोडी को नव पुनर्गठित जिला परिषद वार्ड नम्बर 21 में सम्मिलित किया गया है, जो कि भौगोलिक दृष्टि सही नही है। इन पंचायतों की दूरी 25 किलोमीटर से भी अधिक है, आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पडेगा। उन्होने बताया कि ग्राम पंचायत करोडी और पिलोडी के नव गठित वार्ड में जोडे जाने को लेकर आमजन में गहरा आक्रोश है। उन्होने बताया कि करोडी एवं पिलोडी को पूर्व के वार्ड में नही जोडे जाने पर आन्दोलन किया जावेगा। इस दौरान बनवारी वाल मीणा, रामहरि करोडी मण्डल अध्यक्ष बालाजी, माखन लाल मीना सुरेर, प्रहलाद धवन, विनोद पीलोडी, मुरारी मीना करोडी, रामजीवन करोडी, अशोक सुरेर, ओम प्रकाश नाहर खोर्रा, राजेश सिकरी, प्रथ्वी सिंह पाड़ली, अर्चना पीलोडी, राजाराम पिलोडी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

- **जिला परिषद सदस्य मेघराज नांगरी ने बताया कि वार्ड नम्बर 17 में सम्मिलित ग्राम पंचायत करोडी और पिलोडी को नव पुनर्गठित जिला परिषद वार्ड नम्बर 21 में सम्मिलित किया गया है, जो सही नही है**



करोडी व पिलोडी को जिला परिषद के वार्ड 14 में यथावत रखने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को दौसा को ज्ञापन दिया।

### किशोर गृह का औचक निरीक्षण

**दौसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दौसा के सचिव एवं अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संतोष अग्रवाल ने सोमवार को राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, दौसा एवं दत्तक ग्रहण एजेंसी दौसा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजकीय सम्प्रेषण गृह में विधि से संघर्षरत 5 एवं देखरेख एवं सरंक्षण का जरूरतमंद 1 बालक उपस्थित मिला। सचिव ने गृह में निरूद्ध विधि से संघर्षरत बालकों से वार्ता कर उनके प्रकरणों की जानकारी ली गई। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को सभी बच्चों को सर्दी के मौसम को देखते हुए गर्म कपडे व कम्बल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। सचिव ने बच्चों को नि:शुल्क विधिक सहायता स्कीम की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि उन्हें नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्रदान करने हेतु प्राधिकरण द्वारा दो पैनल अधिवक्ताओं को नियुक्त किया गया है जिनके द्वारा प्रतिदिन किशोर न्याय बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति दी जाती है। सचिव ने बालकों को प्रदान की जाने वाली भोजन, आहार, साफ-सफाई, कपडे, बिस्तर, आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

## सार-समाचार

### साइबर अपराधों के मामले में 4 गिरफ्तार

**निवाई।** सदर थाना पुलिस व डीएसटी टीम टोंक ने साईबर अपराधों की रोकथाम को लेकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनसे एक बोलेरो कार, 5 एण्ड्रोईड मोबाईल फोन व एक चैकबुक को जब्त किया है। सदर थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा के निर्देशानुसार साईबर अपराधों की रोकथाम को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में पुलिस की विशेष टीम का गठन किया। टीम द्वारा भिन्न-भिन्न तरीकों से साईबर फ्रोड कर लोगो के बैंक खातों से लाखों रुपये की ठगी करने का आरोपी बनवारी लाल मीणा निवासी आदलवाडा कला थाना चौथ का बरवाडा सवाईमाधोपुर, भीमसिंह मीणा निवासी गम्भीरा सवाईमाधोपुर, देवीशंकर मीणा निवासी आदलवाडा थाना चौथ का बरवाडा सवाईमाधोपुर व मनोजकुमार मीणा निवासी जडवता सवाईमाधोपुर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपितों से एक बोलेरो कार, 5 एण्ड्रोईड मोबाईल फोन व एक चैकबुक को जब्त किया है। आरोपियों से गहनता से पूछताछ की है जिससे अन्य मामलों का खुलासा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध 10 साईबर मामले दर्ज है।

### सनाढ्य ब्राह्मण समाज की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए

**निवाई।** सनाढ्य ब्राह्मण समाज विकास समिति के तत्वावधान में समिति अध्यक्ष हेमराज शर्मा खंडवा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें समाज के पदाधिकारियों ने समाजहित के कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। महामंत्री जितेंद्र जीवली व मीडिया प्रभारी डॉ. शिवराज शर्मा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से 1 फरवरी को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें कक्षा 8वीं, 10वीं व 12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं सहित स्नातक एवं उच्च शिक्षित छात्र-छात्राएँ, सेवानिवृत्त कर्मचारी, वरिष्ठजन, जिला एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन को लेकर समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पीटीआई भंवरलाल शर्मा को संयोजक व गिरीश तिवारी को सहसंयोजक के पद पर मनोनीत किया गया। इसी प्रकार ब्रजसुंदर शर्मा, कुंदन शर्मा, सुनील शर्मा खंडवा, डॉ. शिवराज शर्मा व अभिषेक शर्मा को सदस्य के पद पर मनोनीत किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान सहभोज का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अध्यक्ष हेमराज शर्मा ने समारोह को भव्य व सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि समय समय पर ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। जिससे प्रतिभाओ को संबल प्रदान होता है। संयोजक रामफूल शर्मा ने कहा कि प्रतिभाएं समाज की धरोहर है, इनका सम्मान आवश्यक है। उपाध्यक्ष बृजसुंदर शर्मा ने कहा कि प्रतिभाएं आगे चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देती है अत: ऐसी प्रतिभाओं को आगे लाना आवश्यक है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने समाज के उपाध्यक्ष रघुवीर अलियाबाद का आकस्मिक निधन हो जाने पर 2 मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुंदन शर्मा, डॉ. शिवराज शर्मा, रामबाबू जगसरा, यशवर्धन शर्मा, सुनील खंडवा, सुनील मिश्रा व युवा अध्यक्ष अभिषेक चैनपुरा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विशेष शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय सतत् पुनर्वास कार्यक्रम आयोजित

**निवाई।** योगेश शैक्षिक पुनर्वास एवं शोध संस्थान द्वारा भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित दिव्यांग बालकों की शिक्षा एवं प्रशिक्षण में समकालीन प्रौद्योगिकी का उपयोग और महत्व पर विशेष शिक्षकों का जोनल लेवल तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें 50 विशेष शिक्षकों ने भाग लिया। संस्थापक सचिव डॉ. सीताराम स्वामी व कार्यक्रम समन्वयक मनोजकुमार स्वामी ने बताया कि प्रथम दिवस सहायक आचार्य साइकोलॉजी हेमंत शर्मा ने बौद्धिक व विकासात्मक दिव्यांगता वाले बालकों के लिए आईसीटी और वैकल्पिक और संवर्धन संचार पर विस्तृत चर्चा की। सहायक आचार्य राकेश स्वामी ने विशेष आवश्यकता वाली शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग पर विस्तार से बताया। तृतीय सत्र में समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास पुनर्वास एवं दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र अहमदाबाद के निदेशक डॉ. अजीत कुमार ने विशेष आवश्यकता वाले बालकों के शिक्षण और प्रशिक्षण के लिए प्रौद्योगिकी पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास पुनर्वास एवं दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र अहमदाबाद के सहायक आचार्य प्रियंकासिंह चौहान ने विशेष आवश्यकता वाले बालकों के कक्षा कक्ष व पाठ्यक्रम में तकनीकी एकीकरण पर जानकारी प्रदान की। कोर्स कोआर्डिनेटर मनोजकुमार स्वामी ने दिव्यांग बच्चों के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के नैतिक और व्यावहारिक मुद्दों पर चर्चा की। शिरोमन आचार्य ने बधिर शिक्षार्थियों के लिए डिजिटल शैक्षिक उपकरण पर कई प्रकार के एप के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतिम दिवस में समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास पुनर्वास एवं दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र जयपुर के निदेशक डॉ. नीरज मधुकर ने विशेष शिक्षा के समकालीन प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी दी। कोर्स कोआर्डिनेटर अरविंद कुमार टेलर ने श्रवण बाधित बच्चों के लिए सहायता एवं अनुकूलीय प्रौद्योगिकी की विस्तार से जानकारी दी।

### अनियमितताओं के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**भरतपुर** (निस)। जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर के अध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिले में जिला परिषद एवं नवसृजित पंचायत समितियां के वार्डों के पुनर्गठन एवं परिसीमन कार्यों में पाई गई विसंगतियों एवं अनियमितताओं के विरोध में जिला कलेक्टर कमर चौधरी को एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन देते समय जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने जिला कलेक्टर को उक्त समस्याओं के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए बताया कि जिला परिषद वार्डो के अलावा रूपवास ,बयाना, भुसावर, वैर, नदबई सहित कई पंचायत समितियां में परिसीमन कार्यों के तहत विभागीय गाइडलाइन का सरासर उल्लंघन किया गया है तथा कुछ राजनीतिक प्रभावशाली लोगों के दबाव में वार्डों का पुनर्गठन भी किया गया है।

# आरजीएचएस योजना में गड़बड़ झाला

**देवली ।** सोमवार को यहां राज्य सरकार की आरजीएचएस (राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) योजना के तहत दवाइयों की आपूर्ति में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। टोंक जिले के देवली स्थित टोंक सरकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार (फार्मा स्टोर) के विरुद्ध हनुमान नगर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टोंक के पत्र के आधार पर वित्त (बीमा) विभाग के अधीन गठित टीम द्वारा किए गए जॉब/ऑडिट में चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं।

प्रकरण की.जांच में पाया गया कि फार्मा स्टोर पर मूल आरजीएचएस कार्ड, फर्जी चिकित्सक सील, तथा चिकित्सकों के अत्यधिक संख्या में मूल पर्चे मौजूद थे। इस मामले में जांच और निरीक्षण के दौरान फार्मा स्टोर से डॉक्टर डॉ. चैतन्य प्रकाश मीणा देवली के नाम की संदिग्ध सील कई आरजीएचएस कार्ड धारकों का हिसाब-किताब लिखा हुआ पाया गया है तो वही रजिस्टर तथा कार्ड धारकों द्वारा सीधे मूल कार्ड देकर दवाइयां प्राप्त करने के साक्ष्य भी मिले है। जांच रिपोर्ट के अनुसार मामला यह सामने आया है कि फार्मा स्टोर द्वारा आरजीएचएस कार्ड धारकों एवं चिकित्सकों से मिलीभगत कर वित्तीय अनियमितताएं जमकर. की गई है ।

इस मामले में सहकारी उपभोक्ता प्रबंधक टोंक, फार्मासिस्ट आयुष नागर, मौके पर दवाइयां देते पाए गए है। इसको लेकर भरत नागर, विनोद शर्मा और शाहिल अंसारी के विरुद्ध हनुमान नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज हुई है। आरजीएचएस योजना में हुऐ गड़बड़ झाले की शिकायत.देवली चिकित्सालय प्रभारी डॉ. राजकुमार गुप्ता, के द्वारा दी गई है।

- **जांच रिपोर्ट के अनुसार फार्मा स्टोर द्वारा कार्ड धारकों एवं चिकित्सकों से मिलीभगत कर वित्तीय अनियमितताएं जमकर की गई है**